समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप सब के सहयोग से रतलाम जिले का चहुमुखी विकास किया जाएगा प्रभारी मंत्री श्री भदोरिया

## प्रथम रतलाम आगमन पर प्रभारी मंत्री का भव्य स्वागत अभिनंदन

रतलाम 04 जुलाई । प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री एवं रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया का रविवार को प्रथम रतलाम आगमन पर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। स्थानीय सर्किट हाउस पर मौजूद जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्पहारों से प्रभारी मंत्री का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की मंशा अनुसार विकसित रतलाम बनाने के लिए सबके सहयोग से कार्य करेंगे। शासकीय योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन हो, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिले। समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों को समय पर बिजली मिले और समय पर ही मेंटेनेंस भी हो।

शासन द्वारा निर्धारित नीति अनुसार ही स्थानांतरण प्रक्रिया रहेगी। दक्ष एवं योग्य अधिकारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। जो अधिकारी, कर्मचारी कार्य नहीं करेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान विधायक श्री दिलीप मकवाना, श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया आदि उपस्थित थे।

# 22 स्थानों पर होगा आज कौविशिल्ड के दूसरे डोज का टीकाकरण 84 दिवस पूर्ण होने वाले व्यक्तियों को लगेगा टीका

रतलाम 4 जुलाई। रतलाम नगर में कोरोना वैक्सीनेशन किये जाने हेतु 05 जुलाई सोमवार को 22 वैक्सीनेशन सेन्टरों पर कौविशिल्ड के दूसरे डोज का टीकाकरण प्रातः 9 बजे से निःशुल्क किया जायेगा।

कलेक्टर एवं प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने अपील की है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी नागरिक जिनको कौविशिल्ड का पहला टीका लगाकर 84 दिन पूर्ण हो चुके ऐसे नागरिक अपने निकटतम वैक्सीनेशन सेंटर पर आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर कौविशिल्ड का दूसरा डोज अनिवार्य रूप से लगवाये।

कौविशिल्ड के दूसरे डोज के टीकाकरण हेतु वार्ड क्रमांक 1, 2, 3 रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, 4, 5 गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगर, 6, 7 प्रिंस पैलेस साक्षी पेट्रोल पम्प के पास, 8 कम्यूनिटी हॉल अलकापुरी, 9, 10 सांई श्री एकेडमी स्कूल 80 फीट रोड, 11, 12 बोधी स्कूल डोंगरे नगर, 13, 14 अम्बेडकर मांगलिक भवन जवाहर नगर, 15, 16 आईएमए हॉल राजेन्द्र नगर, 17, 18 काश्यप सभागृह सागोद रोड, 19, 20 राधाकृष्ण स्कूल दीनदयाल नगर, 21, 22 सरस्वती स्कूल अमृतसागर, 23, 24 ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, 25, 26 सगरवंशी माली समाज धर्मशाला, मालीकुंआ, 27 जमातखाना शैरानीपुरा, 29, 30, 31 घटला रेलवे अस्पताल, 32 डीआरएम ऑफिस दो बत्ती, 33, 34 लायंस हॉल पावर हाउस रोड, 35, 36, 37 रांगोली गीता मंदिर रोड, 38, 39 राजपूत बोर्डिंग शास्त्रीनगर, 40, 41, 42 माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, 43, 44 बोहरा कम्युनिटी हॉल बोहरा बाखल, 45, 46 सूरजहॉल वेदव्यास कालोनी में वैक्सीनेशन सेंटर बनाये गये है।

# *नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन 4 जुलाई को 61 टन कचरा जुलवानिया पंहूचा*

**रतलाम** 04 जुलाई **। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर–घर से पृथक–पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले–सूखे कचरे व सड़को व नाले–नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत** 04 जुलाई **रविवार को 61 टन कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।**

04 जुलाई **रविवार को डम्पर व ट्रेक्टर ट्रॉली से 36385, काम्पेक्टर सूखा कचरा 18190, काम्पेक्टर गीला कचरा 6675 व कन्टेटमेंट मैजिक से 260 किलो इस तरह कुल 61510 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।**

*गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही*

**रतलाम** 04 जुलाई**। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक–पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।**

**निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक–पृथक कचरा लिया जाये।**

**प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक–पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पुरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है।**

*वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही*

**रतलाम** 04 जुलाई **। स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर–1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले–नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले–नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।**

**वार्डो की समुचित साफ–सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ–सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।**

समाचार/ज.सं.वि./हेमन्त/04.07.2021/न.पा.निगम, रतलाम.